Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:01 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:35 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 51 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 5 अगस्त 2026



अनुपम खेर ने गृह मंत्री...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### युवती को मारी थी स्कूटी से टक्कर 10 माह बाद भी एफआईआर नहीं अदालत की शरण में परिवार

हल्द्वानी। मुखानी चौराहे के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुई युवती के मामले में करीब दस माह बीत जाने के बाद मुकदमा दर्ज न होने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पक्ष ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। पीड़ित पक्ष मनोहर जोशी ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, की अदालत ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की है।

न्यायालय में दायर प्रार्थना पत्र के अनुसार, प्रार्थी की पुत्री चांदनी जोशी 23 सितंबर 2025 को दोपहर में मुखानी चौराहे से चंदन पैथोलॉजी रोड पर सड़क पार कर रही थी। आरोप है कि सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती पैर की हड्डी टूट गई और घायल के उपचार में व्यस्त रहने के कारण तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई जा सकी। आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना में थाना मुखानी ने बताया कि घटना का क्षेत्राधिकार कोतवाली का है और संबंधित रिपोर्ट वहां भेज दी गई है। मामले में न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर आगे की सुनवाई की जाएगी। फिलहाल न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया जाना शेष है।

### टेलीग्राम लिंक के झांसे में आकर युवक से 1.76 लाख की साइबर ठगी, काठगोदाम कोतवाली में तहरीर

हल्द्वानी। ऑनलाइन निवेश के नाम पर साइबर ठगों ने एक युवक को अपने जाल में फंसाकर लाखों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराने के बाद अब काठगोदाम कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में धीरज सिंह माजिला पुत्र चंचल सिंह, निवासी पोलीशीट,, ने बताया कि 29 जून को उसके टेलीग्राम पर एक लिंक आया। लिंक खोलते ही उसका व्हाट्सएप खुल गया, जहां उसे स्टॉक मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। भरोसा होने पर उसने सबसे पहले 10 हजार रुपये निवेश कर दिए।

# पहाड़ों पर आज भी भारी बारिश की चेतावनी, कई जिलों में जारी किया यलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में सोमवार को भी मौसम बदला हुआ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने तीन अगस्त को देहरादून समेत रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश के साथ बिजली चमकने और गर्जन की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो आठ अगस्त तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में पांच अगस्त को भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा दोनों जिलों के कुछ इलाकों में तेज गर्जन और बिजली चमकने की भी चेतावनी है। वहीं आज बागेश्वर में स्कूल बंद रहेंगे। जबकि टिहरी, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में बिजली चमकने व गर्जन के साथ तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों की बात करें तो 10 अगस्त तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। भारी बारिश से आशंकित हालात को देखते हुए जिलाधिकारी ने आज कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के सभी शैक्षणिक संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टी के आदेश जारी किए हैं।

रविवार के मौसम की बात करें तो पर्वतीय इलाकों में रुक-रुक कर तेज दौर की बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जबकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहने से गर्मी का अहसास हुआ। आंकड़ों पर नजर डालें तो दून में सुबह साढ़े आठ से शाम पांच बजे तक 0.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 32.3 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री के इजाफे के साथ 24.2 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश भर के अन्य इलाकों में भी रहा।

कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

# राहुल-खरगे समेत विपक्षी सांसदों ने निकाला संसद परिसर में विरोध मार्च

नई दिल्ली
एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के दौरान राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी सांसदों ने प्रेरणा स्थल से मकर द्वार तक विरोध मार्च निकाला। उन्होंने 20 जुलाई को सीजेपी प्रदर्शनकारियों पर कथित पुलिस कार्रवाई, अयोध्या राम मंदिर चंदा में कथित गड़बड़ी और अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सांसदों ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य विपक्षी नेता प्रेरणा स्थल स्थित गांधी प्रतिमा से मकर द्वार तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। विपक्षी सांसदों ने 20 जुलाई को छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने अयोध्या राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित गड़बड़ी के आरोप और अन्य मुद्दों को लेकर भी केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मार्च के दौरान विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए और इन मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की।

विपक्ष का कहना है कि प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस का रवैया उचित नहीं था और अयोध्या राम मंदिर चंदे से जुड़े आरोपों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं, इस पूरे विरोध प्रदर्शन के बीच संसद परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। विपक्षी दल इन मुद्दों को संसद के भीतर और बाहर लगातार उठाने की बात कह रहे हैं।




### ई20 पेट्रोल पर क्यों मचा है देशभर में बवाल

ई20 पेट्रोल को लेकर देशभर में विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पुराने वाहनों पर इसके असर, माइलेज में कमी और सामान्य पेट्रोल का विकल्प न मिलने को लेकर विपक्ष और कई वाहन मालिक सवाल उठा रहे हैं। वहीं सरकार का कहना है कि ई20 से कच्चे तेल के आयात में कमी, किसानों की आय में बढ़ोतरी और प्रदूषण घटाने जैसे बड़े फायदे हुए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकालने का एलान किया। उनकी पार्टी ने दावा किया कि उसने देशभर से 2.33 लाख लोगों के हस्ताक्षर जुटाए हैं और प्रधानमंत्री को याचिका सौंपना चाहती है।

# रिजर्व बैंक का फैसला: रेपो रेट 5.25% पर बरकरार, नहीं बढ़ेगी लोन की ईएमआई

नई दिल्ली
एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसलों का एलान किया। महंगाई और पश्चिम एशिया के तनाव के बीच रेपो रेट 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला लिया गया।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को व्यापक उम्मीदों के अनुरूप लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में अनिश्चितता और आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने यह फैसला लिया। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को 5.25 प्रतिशत रखने का फैसला किया है।

समिति ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख भी तटस्थ बनाए रखा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के कारण आर्थिक वृद्धि को लगातार समर्थन मिल रहा है।उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर लगातार बनी



अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। अप्रैल-जून तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन आरबीआई के अनुमान से बेहतर रहा है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए गवर्नर ने कहा कि सेवा क्षेत्र में मजबूती से शहरी खपत को समर्थन मिलने की संभावना है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव, वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और अल-नीनो से जुड़े जोखिम आर्थिक वृद्धि के लिए चुनौती बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष प्रमुख व्यापारिक मार्गों को प्रभावित कर रहा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ है।

# दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक आज, धामी भी होंगे शामिल

नई दिल्ली
एजेंसी

भाजपा की चुनाव तैयारियां अब और तेज होने वाली हैं। आज बुधवार को दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक होगी। जिसमें उत्तराखंड विधानसभा चुनाव की आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारियां कई स्तर पर चल रही हैं लेकिन बुधवार को दिल्ली में होने वाली कोर कमेटी की बैठक में इसे और मजबूत बनाया जाएगा। बैठक में कोर कमेटी आगे की रणनीति तैयार करने जा रही है। इसके बाद भाजपा की संगठनात्मक बैठक होगी। विस्तारक योजना पर भी काम होगा। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करना, बूथ स्तर के संगठनों को सक्रिय करना और चुनावी रणनीतियों को सीधे लागू करना है।

भाजपा ने जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन कराने की तैयारी पहले ही शुरू कर दी है। पांच लोकसभा के सांसद अपनी लोकसभा क्षेत्र के विधायकों के संग बैठक करेंगे। वहीं, युवाओं के लिए पहले से भाजपा के युवा संवाद प्रदेशभर में चल रहे हैं। भाजपा सभी 70 विधानसभाओं में युवा संवाद का आयोजन कर रही है।

# रेलवे ट्रैक उड़ाने की साजिश नाकाम, आईएसआई के दो मॉड्यूल का पर्दाफाश

नई दिल्ली/अमृतसर
एजेंसी

स्वतंत्रता दिवस से पहले रेलवे ट्रैक को निशाना बनाकर बड़ी आतंकी वारदात की साजिश को अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने नाकाम कर दिया। पुलिस ने आईएसआई समर्थित दो सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार नाबालिगों समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, नौ जिंदा कारतूस, चार पेट्रोल बम और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

स्वतंत्रता दिवस से पहले रेलवे ट्रैक को निशाना बनाकर बड़ी आतंकी वारदात की साजिश को अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने विफल कर दिया है। पुलिस ने आईएसआई समर्थित दो सीमा पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए




नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार नाबालिग भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध पिस्तौल, नौ जिंदा कारतूस, चार पेट्रोल बम और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपी विदेश में बैठे आईएसआई हैंडलरों के संपर्क में थे। उनके निर्देश पर सुरक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी की जा रही थी। स्थानीय युवाओं की भर्ती और अवैध हथियारों की आपूर्ति भी साजिश का हिस्सा थी। रेलवे ट्रैक के पास निगरानी कैमरे लगाए गए थे। इनकी फुटेज पाकिस्तान भेजी जा

**खुलासा**
- पाकिस्तानी आकाओं को भेजते थे ट्रैक के फुटेज

रही थी। इसका उद्देश्य ट्रेनों की आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखना था। जांच में सामने आया कि आरोपी पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के अंतिम आदेश का इंतजार कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले वंश कुमार और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। इनके पास से .32 बोर की पिस्तौल और तीन कारतूस मिले। पूछताछ में हथियार आपूर्ति करने वाले अनमोल सिंह उर्फ साहिल का नाम सामने आया, जिसे बाद में पकड़ा गया। जांच में पता चला कि रेलवे ट्रैक के पास कैमरे लगाने के लिए पेटीएम के जरिये भुगतान हुआ था।

# कमिश्नर ने की यूयूएसडीए की पीआईयू की विस्तृत समीक्षा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊँ आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने मंगलवार को नैनीताल में उत्तराखण्ड अर्बन सेकटर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) की पीआईयू चंपावत द्वारा संचालित पेयजल परियोजनाओं सहित हल्द्वानी की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने चंपावत, टनकपुर एवं किच्छा में संचालित जलापूर्ति योजनाओं की वर्तमान प्रगति व निर्माण कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया।



यूयूएसडीए पीआईयू चंपावत के माध्यम से चंपावत वाटर सप्लाई स्कीम प्रोजेकट के तहत वर्ष 2055 तक की जनसंख्या के आंकड़ों का आकलन कर अनुमानत वॉटर डिमांड क्षमता 6.8 एमएलडी होगी। जिसकी पूर्ति हेतु गतिमान प्रोजेकट की लागत 240.26 करोड़ प्रस्तावित है। चंपावत वाटर सप्लाई स्कीम0 10 सितंबर 2027 तक पूर्ण करने की समयावधि तय की है। इसके अतिरिक्त किच्छा वाटर सप्लाई स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2055 के जलापूर्ति की दृष्टिगत 31.33 एमएलडी वॉटर डिमांड की पूर्ति हेतु 478.66 करोड रुपए की धनराशि प्रस्तावित है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि चंपावत जलापूर्ति योजना के अंतर्गत 3.5 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र,109 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क तथा 18 वर्षों के संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत अधिकांश पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है तथा विभिन्न संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है बैठक में टनकपुर जलापूर्ति योजना की भी समीक्षा की गई। इस दौरान हल्द्वानी में संचालित इंटीग्रेटेड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट परियोजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जलापूर्ति, सीवरेज, वर्षा जल निकासी, सड़क विकास, प्रशासनिक भवन, बस टर्मिनल तथा इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम सहित विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि अब तक 21,483 घरेलू जल संयोजन स्थापित किए जा चुके हैं तथा 436 किलोमीटर जल वितरण पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। इसके साथ ही0 10 ट्यूबवेलों की बोरिंग पूर्ण हो चुकी है तथा 256 किलोमीटर स्थायी सड? पुनर्स्थापन का कार्य पूरा किया जा चुका है वहीं 76 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाई जा चुकी है और एसटीपी निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही अगस्त माह में ही आरटीओ रोड, काठगोदाम में डाली गई पानी की लाइन से जलापूर्ति शुरू की जाएगी। बैठक में सड़क विकास परियोजना के अंतर्गत नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड एवं स्टेशन रोड के चौड़ीकरण, फुटपाथ तथा यूटिलिटी डक्ट, पार्किंग व स्ट्रीट लाइट एवं ड्रेनेज कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे नालियों के निर्माण तथा विभिन्न स्थानों पर सड? चौड़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएएकार्यों में आने वाली बाधाओं का समयबद्ध समाधान किया जाए तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्रों में नागरिकों को आधुनिक एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति मुहैया हो सकेगी इस दौरान बैठक में डिप्टी प्रोग्राम डायरेक टर कुमाऊं डिविजन यूयूएसडीए मृदुला सिंह, प्रोजेकट मैनेजर पीआईयू चंपावत अंकित आर्या, प्रोजेकट मैनेजर पीआईयू हल्द्वानी कुलदीप सिंह, प्रोजेकट मैनेजर पीआईयू हल्द्वानी गुरप्रीत सिंह दिओल, कंसलटेंट, लाइजन और सुपरविजन यूयूएसडीए आदि उपस्थित रहे।

## कैलाश मानसरोवर यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ा

**नैनीताल** । कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के पांचवें दल के यात्रियों के मंगलवार को पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में पहुंचने पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के पूर्व प्रबंधक/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने स्वागत करते हुए उन्हें हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई।

यात्रियों को पौधारोपण अभियान के 750वें दिन जोड़ते हुए उन्हें पर्यटक आवास गृह चौकोड़ी व होलीडे होम अल्मोड़ा परिसर में पौधा रोपण हेतु पौधे दिए। यात्रियों ने कहा कि दिनेश गुरुरानी द्वारा जो उन्हें पौधे दिए गए थे और शपथ दिलाई गई थी उसके तहत उनके द्वारा गुंजी व कालापानी में पौधा रोपण किया गया साथ ही हिमालय को कूड़ा मुक्त करने में सहयोग दिया गया। यात्रियों ने दिनेश गुरु रानी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि कि वह देवभूमि में पौधे तो लगाएंगे और घर जाकर भी पौधारोपण करेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे।



## स्कूली बच्चों को दी गयी नशे के दुष्परिणामों की वृह्द जानकारी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

बिशप शॉ इण्टर कॉलेज तल्लीताल नैनीताल में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा

एनडीपीएस एकट के बारे में बताते हुआ कहा कि उत्तराखंड में नशीले पदार्थों और साइकोट्रोपिक पदार्थों से संबंधित सबसे कठोर कानून है। इस एकट का उद्देश्य मादक औषधियों मनोरोगी पदार्थों के व्यापार उत्पादन, निर्माण बिक्री आदि के उपयोग को नियंत्रित करना करना है। है। सचिन की ओर से बच्चों को नशे के हानिकारक प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी की।

बताया कि किशोरावस्था एक ऐसी अवस्था है जिसमें बच्चे जल्दी प्रभावित होते हैं तथा बच्चों की आपराधिक गतिविधियों के बारे में उदाहरण सहित के बारे में हित नशे के प्रभाव के बारे में बताया। शिविर में प्रधानाचार्य, अध्यापकगण समेत यशवंत कुमार व प्रशिक्षुता आदि मौजूद रहे।

## बहुउद्देशीय किसान सेवा समिति की बैठक:कई मुद्दों पर हुआ मंथन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

बहुउद्देशीय किसान सेवा समिति के संचालक मंडल के प्रबंधक कमेटी की बैठक हुई। बैठक में समिति के कार्य क्षेत्र में नवगठित एमपैकस के कार्य क्षेत्र समेत अन्य गतिविधियों पर गहन मंथन किया गया।

इस दौरान समिति की वार्षिक आम बैठक हेतु आगामी 7 सितंबर (सोमवार) 2026 की तिथि तय की गयी। बैठक में बकाया ऋण वसूली, किसानों की विभिन्न योजनाओं के लाभों आदि पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये गए। बैठक में समिति अध्यक्ष आशा जीना द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई।

बैठक में उपाध्यक्ष इंद्र सिंह नेगी, अपर जिला सहकारी अधिकारी सुरेश चंद्र लोहनी सहित संचालक दीपा मेहता,कविता देवी,राकेश मेहरा,हरीश चन्द्र पाण्डे, कमल किशोर अधिकारी, विरेंद्र मेहरा, जुगल किशोर गोस्वामी व धन सिंह जीना उपस्थित थे। बैठक का संचालन समिति सचिव हयात सिंह मेहता द्वारा किया गया। इस दौरान समिति कर्मचारी रविन्द्र जीना एवं राजेन्द्र सिंह जीना भी उपस्थित थे।



## NEWS / फटाफट

### प्रो.शर्मा ने किया कुविवि के रजिस्ट्रार प्रो.पांडे का स्वागत



**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को विवि के नव नियुक्त कुल सचिव प्रो.रजनीश पांडे का परिसर निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा ने शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। प्रो.शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रो.पांडे के कार्यकाल में विश्वविद्यालय निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। इस मौके पर परिसर निदेशक कार्यालय के कई कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। सभी ने प्रो.पांडे को बधाई दी।

### रामगढ़ पोखरी में मकान से 203 टिन अवैध लीसा बरामद

**धारी** । नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार तथा उप प्रभागीय वनाधिकारी ममता चन्द के द्वारा वन अपराधों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में वन क्षेत्राधिकारी उत्तरी गौला रेंज विजय भट्ट के नेतृत्व में रामगढ़ क्षेत्र के पोखरी में वन विभाग टीम ने 203 टिन अवैध लीसा जब्त किया। मामले में वन क्षेत्राधिकारी उत्तरी गौला रेंज विजय भट्ट ने बताया मुखबिर की सूचना पर वन प्रभाग की स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा सोमवार देर शाम मौना ल्वैशाल कालापातल मोटर मार्ग पर दरमोली बैण्ड से एक किलो मीटर ऊपर एक सुनसान पुराने मकान पर टीम को अवैध रुप से भण्डारित 2023 टीन लीसा को कब्जे में लिया गया है। भट्ट ने कहा अवैध लीसा तस्करी पर शिकंजा कसा जा रहा है तस्तकरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। वन अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे जारी रहेगा इस मौके पर टीम में वन दरोगा बृजेश विश्वकर्मा, वन दरोगा प्रदीप कुमार मोर्य, वन आरक्षी रमेश सिंह, विपिन बिष्ट, अभय कुमार, अनिल सिंह बोरा, मनोज कैड़ा, पंकज सिंह रैक्वाल, रोहित सिंह, कुन्दन प्रसाद, गौरव सिंह बर्गली, नीरज कुमार व नन्द किशोर मौजूद रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## चेहलूम पर मुहर्रम कमेटी ने निकाला ताजियों का जुलूस

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

मुहर्रम कमेटी की ओर से चेहलूम के मौके पर मंगलवार को नगर में ताजियों का जुलूस निकाला गया।

इससे पहले सुबह इमामबाड़ा रजा कलब मे फ तेहा खुवानी, सलातो सलाम पड़ा गया और अपने मुल्क व शहर के अमन व शांति के लिए दुआ कि गई और लंगर वितरण किया गया। दोपहर में बाद नमाजे ज़ोहर में ताजियों का जुलुस जिसमें ताजिया वेलडाफ व ताजिया पोस्ट ऑफि स कंपाउण्ड, ताजि ?ा रॉयल कंपाउण्ड के साथ जुलुस ढ़ोल तशों व फ़तहे निशान, अखड़ा के साथ रॉयल होटल से शुरू होकर इंद्रा मार्केट, बेकरी कंपाउंड रजा कलब पहुंचा जहाँ से इमामबाड़ा का मुखय ताजिये के साथ जुलूस बीच बाजार, जय लाल शाह बाजार, खड़ी बाजार, गारी पड़ाव, पुराना घोड़ा स्टैंड तथा बड़ा बाजार होते हुए इंद्रा मार्केट, रॉयल होटल, चीना बाबा मंदिर, हाईकोर्ट रोड, मन्नू महारानी के पास अखड़ा के खूब करतब दिखा फि र देर रात सूखाताल में जुलूस संपन हुआ जहाँ ताजियों को सुपुर्द ख़ाक किया।

इस मौके पर अखड़ा कमेटी के सदस्यों ने आग की बनेठी हज़ारा, तलवार बाजी, लाठी और अनेक आकर्षक कर्तव्य दिखा और लोगो ने इमाम हुसैन को याद करके मातम कर उन्हें याद किया। जुलूस में कमेटी के सरपरसत मोहममद नसीम, सय्यद काशिफ जाफ री, इब्राहिम,अध्यक्ष नाजिम बकश, नायब सदर तस्लीम बकश,समीर अहमद,महासचिव समीर अली, सेकटरी मो कासिम,कोषाध्यक्ष मो अज़ीम समेत कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया।

## ब्लॉक प्रमुख व सीडीओ ने की शिव पूजा और पौधरोपण

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल छोटा कैलाश में आस्था और पर्यावरण संरक्षण का एक अनूठा संगम देखने को मिला। भीमताल बलाक के बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट और सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे समेत ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलडि?ा, बीडीओ हर्षित गर्ग ने संयुक्त रूप से छोटा कैलाश मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की।

इस विशेष मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करने के बाद उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ और हरा भरा बनाने के संकल्प के साथ मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने इस मौके पर कहा कि छोटा कैलाश क्षेत्र की गहरी धार्मिक आस्था का केंद्र है। डा.बिष्ट ने कहा कि भविष्य में श्रद्धालुओं के लिये यहां सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मंदिर मिशन माला में छोटा कैलाश को शामिल करने के लिये आभार जताया। सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे ने सभी से अपील की कि वे न केवल पौधे लगाएं बल्कि उनके बड़े होने तक उनकी उचित देखरेख का जिममा भी उठाएं। यहां के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रयास करेंगे। पर्यावरण, सुगम आवागमन, सुरक्षा व स्वच्छता के विषयों पर कार्य किया जाएगा। इस धार्मिक स्थल को स्वच्छ बनाने में सभी से सहयोग करने की अपील की।

इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलड़िया, ग्राम प्रधान सुश्री लीलावती, यशोदा सममल,नवीन पलड़िया, नन्दन बोरा, विक्रम सिंह, हरीश पलड़िया, पंकज सूर्या, राजेंद्र भनवाल, नवीन पांडे, गौरव रमोला,ईश्वरी दत्त, कुंदन जीना, धीरेंद्र जीना, कमल कुल्याल, तारा पलड़िया, बीडीओ हर्षित गर्ग व केएमवीएन के राजेश अधिकारी सहित शिवभक्त मौजूद रहे।

# अभिमत



## लापरवाही की इंतहा

*सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से देश के संवेदनशील राज्यों में उत्तराखंड शामिल है। प्रतिवर्ष करीब 18 सौ सड़क हादसे उत्तराखंड में होते हैं। इस लिहाज से लगभग आधा दर्जन सड़क दुर्घटनाएं प्रतिदिन होती हैं। सालभर में सड़क हादसों में 12 सौ से अधिक लोगों की जान चली जाती है, यानि औसतन रोज चार व्यक्ति दुर्घटना की भेंट चढ़ते हैं। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने कहा है कि हादसे खराब सड़क और सुरक्षा के प्रति लापरवाही की वजह से होते हैं। सड़क सुरक्षा के मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।*

उत्तराखंड पर्वतीय राज्य होने से विषम भौगोलिक परिस्थितियां हैं। सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से देश के संवेदनशील राज्यों में उत्तराखंड शामिल है। प्रतिवर्ष करीब 18 सौ सड़क हादसे उत्तराखंड में होते हैं। इस लिहाज से लगभग आधा दर्जन सड़क दुर्घटनाएं प्रतिदिन होती हैं। सालभर में सड़क हादसों में 12 सौ से अधिक लोगों की जान चली जाती है, यानि औसतन रोज चार व्यक्ति दुर्घटना की भेंट चढ़ते हैं। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने कहा है कि हादसे खराब सड़क और सुरक्षा के प्रति लापरवाही की वजह से होते हैं। सड़क सुरक्षा के मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। दरअसल वर्ष 2025 में द्वाराहाट से रामनगर जा रही 19 यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिरने से सात लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस दुर्घटना को नजीर बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड राज्य की सड़कों में सुरक्षा इंतजामों की खामियां विस्तार से गिनाई हैं। समिति ने नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि पहाड़ी सड़कों पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पर्वतीय क्षेत्र में क्रेश बैरियर लगाने और उनके नियमित रखरखाव का ध्यान रखा जाना चाहिए, लेकिन राज्य में स्टेट हाईवे में ढाई हजार से अधिक किलोमीटर में क्रेश बैरियर नहीं हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सड़क पर गड्ढे भरने, चेतावनी संकेतक लगाने, तीखे मोड़ों पर दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाने, कर्व्ड मिरर और रंबल स्ट्रिप्स लगाने चाहिएं। सिर्फ एक सड़क हादसे पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट की समिति को इतनी सारी खामियां नजर आ गईं। अफसोस इस बात का है कि मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और अन्य माननीयों तथा प्रशासन के सैकड़ों अधिकारी वाहनों के काफिलों के साथ सड़कों से गुजरते हैं, और उनको सड़क सुरक्षा की खामियां नजर नहीं आती हैं। मानसून का आगमन 15 जून से माना जाता है। बारिश के दौरान होने वाली आपदा से निपटने की तैयारी जून से पहले की जाती है। हर साल मई के महीने में शासन की ओर से मानसून से पूर्व सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा किया जाता है। एक-दो दिन की भारी बारिश से ही सड़कें टूटने लगती हैं। पर्वतीय क्षेत्र की सड़कों पर भूस्खलन से मलवा गिरने अथवा सड़क टूटने को रोकना कठिन है। शहरी क्षेत्र की सड़कों की हालत बद से बदतर हो जाती है। सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं। दुर्घटनाओं के अनेक कारण में सुरक्षा प्रबंध मानक के अनुसार नहीं होना प्रमुख है।

# हर घर तिरंगा अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित

### अभियान को जन-जन तक पहुंचाने को सभी को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करना होगा

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यालय, रुद्रपुर में हर घर तिरंगा अभियान के सफल संचालन एवं जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी ढंग से सफल बनाने का आह्वान किया।

सह प्रभारी साकेत अग्रवाल ने अभियान की कार्ययोजना, संगठनात्मक समन्वय, प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करना होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में %हर घर तिरंगा% अभियान देशवासियों को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और गर्व की भावना से जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक जन अभियान बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुंजन सुखीजा ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम और देश प्रथम की भावना का प्रतीक है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि उनके राष्ट्रवादी विचार आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए %हर घर तिरंगा% अभियान को जन-आंदोलन बताते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को हर घर और प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य करें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पाल राणा, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नेतृपाल मौर्य, दर्जा राज्य मंत्री रामपाल सिंह,दर्जा राज्य मंत्री गंभीर धामी,दर्जा राज्य मंत्री मोहिनी पोखरिया,महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल चौहान समेत कार्यशाला में जिला महामंत्री तरुण दत्ता,इंद्रपाल मान,मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, मीडिया संयोजक विजय तोमर, केके दास, काशीपुर के सह प्रभारी भारत भूषण चुघ,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश बजाज, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हारून मलिक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बिट्टू चौहान,ममता त्रिपाठी, पिंकी चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल,डीएन यादव,रचित सिंह, मनोज छाबड़ा, राजेश कमरा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गदरपुर फायरिंग प्रकरण में चार गिरफ्तार, दो अभी पुलिस की पकड़ से दूर

**रुद्रपुर।** कोतवाली गदरपुर क्षेत्र में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है जबकि दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं गिरफ्तार राजवीर सिंह विर्क, आकाशदीप सिंह कांग्रेस से जुड़े हैं। मंगलवार दोपहर को पुलिस कार्यालय में एसएसपी अजय गणपति ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि सरदार नगर अंडरपास कट के पास पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसी दौरान आरोपियों ने सहजपाल सिंह और उसके साथियों पर जानलेवा फायरिंग कर दी थी। फायरिंग में गुरशरण उप्पल उर्फ गगन के पैर में गोली लगी थी। जबकि दो अन्य लोग मारपीट में घायल हुए थे। अभियुक्तों के बाद पिस्टल, तमंचा व स्कार्पियों बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में दो कांग्रेस से जुड़े हैं। इनके अलावा पुलिस ने प्रशांत सिंह उर्फ मनी और सौरभ कुमार को भी हरिपुरा जलाशय के पास से दबोचा है। उन्होंने बताया कि दो फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

## काशीपुर बाईपास से हटने वाले व्यापारियों के पुनर्वास की कवायद तेज

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण की प्रक्रिया तेज होने और प्रभावित व्यापारियों की दुकानें हटाने के लिए प्रशासन ने समय सीमा निर्धारित किए जाने के बीच महापौर विकास शर्मा ने पुनर्वास की दिशा में बड़ी पहल की है। बुधवार को उन्होंने एडीएम पंकज उपाध्याय, सीडीओ दिवेश शाशनी, एसडीएम मनीष कुमार समेत अन्य अधिकारियों के साथ काशीपुर बाईपास स्थित इंडेन गैस एजेंसी के निकट व्यापारियों के पुनर्वास के लिए प्रस्तावित भूमि का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके साथ ही इंडेन गैस एजेंसी को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की योजना के तहत खानपुर और फुलसुंगा क्षेत्र में भी संभावित भूमि का सर्वे किया गया।

महापौर ने कहा कि नगर निगम और जिला प्रशासन की प्राथमिकता स ?क चौ ?ीकरण के साथ साथ प्रभावित व्यापारियों का सम्मानजनक पुनर्वास सुनिश्चित करना है। किसी भी व्यापारी को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के अपना कारोबार बंद नहीं करना पड़ेगा और न ही किसी को सड़क पर आने दिया जाएगा। काशीपुर बाईपास मार्ग शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है। लगातार बढ़ते यातायात और जाम की समस्या को देखते हुए लंबे समय से इसके चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। परियोजना के लिए शासन से बजट भी स्वीकृत हो चुका है। चौड़ीकरण की जद में नगर निगम की 28 दुकानों सहित बड़ी संख्या में निजी प्रतिष्ठान आ रहे हैं। पूर्व में व्यापारियों ने सड़क की प्रस्तावित चौड़ाई कम करने की मांग उठाई थी। इस पर महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की थी। जिसके बाद सड़क की चौड़ाई में आंशिक संशोधन किया गया। इसके बावजूद कुछ दुकानें परियोजना की जद में बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर की योजना को शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। इस भूमि को नगर निगम को हस्तांतरित करने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है महापौर ने कहा कि नगर निगम पहले भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान प्रभावित कई दुकानदारों का वेंडिंग जोन में पुनर्वास करा चुका है।

## सिटी क्लब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक,8 अगस्त को हल्द्वानी में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने का आह्वान

**रुद्रपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आगामी आठ अगस्त को हल्द्वानी में प्रस्तावित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर बुधवार को काशीपुर बाईपास रोड सिटी क्लब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रैली की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सुरक्षित रखने के लिए व्यापक रणनीति भी तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से ब ?ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हल्द्वानी रैली में शामिल होंगे। इसके लिए करीब 20 बसों और लगभग 100 कारों की व्यवस्था की जाएगी। पार्टी पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों को रैली में शामिल कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# फिल्मी दुनिया

## अनुपम खेर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात



*अभिनेता अनुपम खेर ने आज मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों ने सिनेमा और संस्कृति जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा की। मशहूर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों के बीच संस्कृति, सिनेमा, समाज और अन्य विषयों पर लंबी और सार्थक बातचीत हुई। अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है। उन्होंने गृह मंत्री से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने अमित शाह से मुलाकात की दो तस्वीरें पोस्ट की हैं। एक तस्वीर में वे केंद्रीय गृह मंत्री को शॉल भेंट कर उनका अभिवादन करते दिख रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में दोनों साथ बैठकर चर्चा करते दिख रहे हैं। पोस्ट के साथ अनुपम खेर ने लिखा है, भारत के गृह मंत्री अमित शाह जी से उनके निवास पर मुलाकात का सौभाग्य मिला। उनके स्नेह, आत्मीय आतिथ्य और अपनेपन के लिए मैं हृदय से उनका आभारी हूं। अनुपम खेर ने आगे लिखा है, %देश, समाज, संस्कृति, सिनेमा और जीवन के अनेक विषयों पर उनसे लंबी और बेहद सार्थक बातचीत हुई। उनकी विषयों पर गहरी पकड़, अद्भुत स्मरण शक्ति और विचारों की स्पष्टता सचमुच प्रेरणादायक है। ऐसे व्यक्तित्व से हर मुलाकात कुछ नया सोचने और सीखने का अवसर देती है। आदरणीय अमित शाह जी, आपका समय, आपका स्नेह और जहां मैं बैठा था, वहां विराजमान हनुमान जी की मूर्ति मेरे लिए सदैव स्मरणीय होगी। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।*

### खेर का वर्क फ्रंट

*अनुपम खेर के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने हाल ही में सूरज बड़जात्या की आने वाली फिल्म ये प्रेम मोल लिया की शूटिंग पूरी की है। उन्होंने हाल ही में इसकी जानकारी साझा करते हुए पोस्ट किया था। राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स के सहयोग से बन रही इस फिल्म ये प्रेम मोल लिया में आयुष्मान खुराना और शरवरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह दिवाली के बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी।*

## जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कांग्रेस कार्यालय नैनीताल में मंगलवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष सचिन नेगी की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी नैनीताल की नवनियुक्त कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर साथ ही 8 अगस्त 2026 को होने वाली महारैली में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में रूप रेखा तैयार की गई।

इस मौके पर कांग्रेस के नव नियुकत जिला उपाध्यक्ष पप्पू कर्नाटक समेत जिला महासचिव पी.के. शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज ममगई, महामंत्री सुनील मेहरा, संजय कुमार, सूरज पांडे समेत नगर पालिका सभासद जितेंद्र पांडेय, संजय कुमा संजू, पार्थ शाह, दिनेश खेतवाल, रईस अहमद, अजय बिष्ट, राजू लाल,पवन सिंह, सुखदीप आनंद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# साह चौधरी समाज ने किया भजन-कीर्तन एवं सामूहिक शिव आराधना कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

साह-चौधरी समाज नैनीताल द्वारा सावन मास के पवित्र मौके पर मंगलवार को नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के सभागार में भजन-कीर्तन एवं सामूहिक शिव आराधना कार्यक्रम श्रद्धा व भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक मनाया। धार्मिक अनुष्ठानों की वजह से क्षेत्र का वातावरण भकतिमय बना रहा।

इससे पूर्व धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ भगवान भोले नाथ के पूजन अर्चना के साथ हुआ। इसके उपरांत सभी उपस्थित महिलाओं की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत शिव भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन में बढ़ चढ ?र भाग लिया तथा सामूहिक शिव आराधना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति तथा युवा साथियों एवं समाज बंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी ने समाज में धार्मिक आस्था, आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया कार्यक्रम के सफल आयोजन पर साह.चौधरी समाज नैनीताल ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं एवं समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित एवं धार्मिक आयोजनों में सहयोग बनाए रखने की अपील की।

कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्या,पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह समेत साह चौधरी समाज के उपाध्यक्ष हितेश साह, उपाध्यक्ष महिला भारती साह,अमिता साह,सचिव शैलेन्द्र चौधरी,उपसचिव हर्षित साह,उपसचिव महिला ममता साह,ज्योति चौधरी, दीपा चौधरी,मीडिया प्रभारी मोहित लाल साह समेत सुरेश साह,सुरेश चौधरी, शैलेन्द्र साह,विमल चौधरी,घनश्याम लाल साह,सुदर्शन साह,अमिता साह, डा.बिशना साह,अतुल साह,हर्ष साह,अशोक साह, राजेंद्र लाल साह, करन साह, रक्षित साह,आभा साह, तारा राणा, मीनू बुधलाकोटी, हेमलता पांडे, मुन्नी तिवारी, कविता त्रिपाठी, मीनू साह,दया बिष्ट, प्रेमा साह, मोनिका साह, रुचि चौधरी,लता दफ ौटी,बबीता साह, सुमन साह,लीला ठठोला, रुचि साह,दीप्ति मिश्रा,सरिता त्रिपाठी, हेमा साह,जीवंती भट्ट,विनीता पांडे,रेशमा टंडन,संगीता साह,मंजू गुसाईं,शशि साह,धना साह,निशा साह, उज्जवला चौधरी,सुनीता वर्मा, चन्द्रा पंत,सोनिया सनवाल,दीप्ति साह तथा कविता त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### फ्रीज से महिला को करंट लगने पर हुई मौत

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी क्षेत्र की कमोला कॉलोनी में सुबह एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 38 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला नहाने के तुरंत बाद गीले शरीर और नंगे पैर फ्रिज का प्लग निकालने गई थी। इसी दौरान उसे तेज करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गई। कमोला कॉलोनी निवासी मनोज कुमार की पत्नी तारा देवी सुबह घरेलू कामकाज के दौरान फ्रिज का प्लग निकाल रही थीं। नहाकर आने के कारण उनका शरीर गीला था और उन्होंने पैरों में चप्पल भी नहीं पहन रखी थी। जैसे ही उन्होंने प्लग को छुआ, उन्हें जोरदार करंट लगा और वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसआई जयबीर सिंह ने बताया कि परिजनों के आग्रह पर एसडीएम की अनुमति से शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# स्मार्ट मीटरों पर भड़का लोगों का गुस्सा बिजली बिलों में भारी गड़बड़ी का आरोप

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

रामपुर रोड स्थित वार्ड नंबर-19 के पर्वतीय मोहल्ले में स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो गई है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

समस्या के समाधान की मांग को लेकर समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बताया गया कि जिलाधिकारी ललित मोहन रायल को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन (यूपीसीएल) ने क्षेत्र में विशेष जांच शिविर लगाया। शिविर में करीब 75 से 80 उपभोक्ताओं के बिजली बिलों और स्मार्ट मीटरों की जांच की गई। जांच के दौरान पुराने और नए मीटरों की रीडिंग में 50 से 80 यूनिट तक का अंतर सामने आया, लेकिन इसके बावजूद



अधिकांश उपभोक्ताओं के बिलों में कोई राहत नहीं दी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार विभाग ने केवल तीन मामलों में ही संशोधन का आश्वासन दिया। इनमें विष्णुपुरी गली नंबर-10 स्थित दुर्गा मंदिर समिति का 27,241 का बिल, उसी क्षेत्र के एक अन्य उपभोक्ता का लगभग 20 हजार का बिल तथा सावित्री कॉलोनी के एक उपभोक्ता का 22,971 का बिल शामिल है। अन्य उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की राहत न मिलने से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों के नाम पर उपभोक्ताओं से विभिन्न मदों में 500 से 550 तक अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है। वहीं समय पर बिल जमा न होने पर हर महीने 150 से 200 तक की पेनाल्टी लगाकर आम जनता का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्मार्ट मीटरों से जुड़ी शिकायतों का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन शुरू करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राज्य में स्मार्ट मीटर योजना पर रोक लगाने और पुराने बिजली मीटर दोबारा बहाल करने की मांग भी उठाई गई।

# परिवहन विभाग के विशेष चेकिंग अभियान 257 वाहनों के चालान और 22 वाहन सीज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

परिवहन विभाग के द्वारा अनाधिकृत रूप से ब्लैक फिल्म एवं हाई डेंसिटी लाइट लगाकर संचालित वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई जिसमे हल्द्वानी संभाग के अंतर्गत हल्द्वानी, रामनगर, रुद्रपुर ,काशीपुर, टनकपुर कार्यालय के प्रवर्तन दलों के द्वारा कुल 257 वाहनों के चालान किए गए और 22 वाहनों को सीज किया गया। सीज वाहनों में बाइक, ऑटो, जीप,भार वाहन आदि सम्मिलित है।

इस चेकिंग अभियान में ब्लैक फिल्म के अभियोग में 28 और अनाधिकृत हाई डेंसिटी की लाइट लगाने पर 26 वाहनो के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई, इसके साथ ही वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म और अनधिकृत लाइटों को हटाया भी गया । इसके अतिरिक्त फिटनेस, टैक्स, परमिट शर्तों का उल्लंघन ,हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोड, इंश्योरेंस आदि के अभियोग में भी कार्रवाई की गई। प्रवर्तन कार्रवाई में एआरटीओ रामनगर पंकज श्रीवास्तव, हल्द्वानी में परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार, गोविंद, जगदीश , रुद्रपुर उप संभाग में परिवहन कर अधिकारी मुकुल अग्रवाल, आनंद प्रकाश गुप्ता, आशुतोष डिमरी, काशीपुर उप संभाग में एआरटीओ संदीप वर्मा, परिवहन कर अधिकारी अनिल, सचिन, नंदन आर्य एवं टनकपुर उप संभाग में सहायक परिवहन अधिकारी मनोज बागोरिया एवं परिवहन कर अधिकारी प्रमोद चौधरी के द्वारा कार्रवाई की गई ।यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, इसके अंतर्गत ब्लैक फिल्म, अनधिकृत हाई डेंसिटी वाली लाइट आदि लगाने के साथ अनाधिकृत संचालन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की जायेगी।



# राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट न होने से बढ़ी परेशानी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मंगलवार को रेडियोलॉजिस्ट के न पहुंचने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो सके जिसकी वजह से दूर दराज से पहुंचे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार अटैचमेंट व्यवस्था के तहत जिला अस्पताल में सेवाएं दे रहे रेडियोलॉजिस्ट आवश्यकता पड़ने पर वापस चंपावत चले गए हैं और बेस अस्पताल से रोटेशन व्यवस्था के तहत तैनात डाकटर के नहीं पहुंच सकने से नैनीताल में मंगलवार को अल्ट्रासाउंड नहीं हो सके। अल्ट्रासाउंड कराने के लिए नैनीताल और दूर.दराज से करीब 40 से 50 मरीज प्रतिदिन अस्पताल पहुंचते हैं। मंगलवार को भी कई मरीज अस्पताल पहुंचे लेकिन उन्हें बिना अल्ट्रासाउंड कराए ही वापस लौटना पड़ा। इसमें करीब 10 से 12 गर्भवती महिलाएं भी शामिल थी जिन्हें बिना अल्ट्रासाउंड कराए वापस लौटना पड़ा। मामले में प्रभारी निदेशक कुमाऊं मंडल चिकित्सा स्वास्थ डॉ. वीके पुनेरा ने बताया कि 1 अगस्त को महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ परिवार कल्याण द्वारा एक आदेश जारी किया गया है जिसके तहत नैनीताल में पंकज नेगी को स्थाई रूप से संबद्ध किया गया है। कहा कि विभाग के पास चार रेडियोलॉजिस्ट हैं जिसमें रामनगर से डा. नरेश कुमार, भवाली सामुदायिक केंद्र में डॉ. नरसिंह गुंज्याल व डॉ. कुसुमलता बेस चिकित्सालय से डा. हरीश पंत बेस चिकित्सालय हल्द्वानी में तैनात हैं। इन चारों की रोटेशन के तहत ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि लोगों को स्वास्थ सेवाओं में कोई दिक्कतें ना हों।



### अस्पताल के गेट पर मिले अज्ञात शव की नहीं हुई शिनाख्त, मांगा सहयोग

**हल्द्वानी।** सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय के मुख्य गेट पर बीती देर शाम मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज या अन्य सामान नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। करीब 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति बेस चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर मृत अवस्था में मिला था।

# नैनीताल में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट के बर्थडे पर मरीजों को बांटे फल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को भाजपाईयों ने नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय में जाकर मरीजों को फ ल वितरित किए गए। इस दौरान विधायक सरिता आर्या समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने मरीजों का कुशलक्षेम जाना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। फ ल वितरण के दौरान कार्यक्रम में भाजपा नैनीताल मंडल



अध्यक्ष नितिन कार्की, जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा समेत अमिता साह, मयंक पंत, हेमलता पांडेय, रितुल कुमार, कमल जोशी, हरीश बुढ़लाकोटी, करन साह,लता दफौटी, अरविन्द पडियार, पंकज बरगली, मीनू बुढ़लाकोटी, दया बिष्ट सहित आदि भाजपाई मौजूद थे।

# देवभूमि उत्तराखंड में गौमाता को राज्यमाता घोषित करने की मांग

**हल्द्वानी/देहरादून**

हमारे संवाददाता

करणी सेना पंजीकृत द्वारा गौमाता को राज्यमाता घोषित कराने के लिए सेकड़ों करणी सैनिक गऊ सेवक हल्द्वानी से मुख्यमंत्री आवास देहरादून प्रस्थान किया।

हरिद्वार पहुंचकर माँ गंगा की आरती कर अभियान को पूर्ण कराने का संकल्प लिया, उसके पश्चात् लोक भवन पहुंचते ही पोलिस प्रशासन द्वारा सभी करणी सैनिक गौरक्षकों को आवास के बाहर ही रोक दिया गया, पुलिस और संगठन के बिच बहुत तीखीनोक झोक के बाद, करणी सेना पंजीकृत उत्तराखंड के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री



पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से उत्तराखंड में गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने तथा गौ संरक्षण, सुरक्षा और संवर्धन के लिए सख्त एवं प्रभावी कानून बनाने की मांग रखी गई, तथा प्रदेश में चल रही सरकारी व नीची गौशालाओं के नियमित निरिक्षण की बात कही गई, जिससे सरकारी गौशालाओ की इस्तिथि में सुधर आये और गौशाला में रह रही सभी गौमाता गौवंश को सही सेवा प्रदान हो सकेगी द्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी और इस विषय पर सकारात्मक विचार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

करणी सेना का विश्वास है कि गौ माता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के लिए उत्तराखंड सरकार ठोस एवं प्रभावी कदम उठाएगी इस अवसर पर करणी सेना उत्तराखंड के पदाधिकारी एवं करणी सैनिक उपस्थित रहे।